शासन द्वारा मान्यता प्राप्त ॥ संघे शक्ति कलयुगे ॥ पंजीयन क्र.03473/12/11/73

# मध्यप्रदेश पटवारी संघ


**उपेन्द्र सिंह बाघेल**
प्रान्ताध्यक्ष म.प्र. पटवारी संघ भोपाल
पानी टंकी के पास दक्षिण करौंदिया
जिला-सीधी (म.प्र.) मो.-9893755595
Email : baghel.upendra@yahoo.in
mppatwarisanghbhopal@gmail.com

**धर्मेन्द्र शर्मा**
महामंत्री म.प्र. पटवारी संघ भोपाल
269, अम्बिकापुरी एक्स, एयरपोर्ट रोड, इन्दौर (म.प्र.)
मो. 94245-51455, 76930-51455
Email : dharmendra4528@gmail.com


**क्रमांक 390/पट. संघ/2026** **दिनांक 11/08/2026**

**संघे शक्ति कलयुगे....**

**समस्त सम्माननीय पदाधिकारियों**
**एवं ऊर्जावान जाग्रत पटवारी साथियों,**
**मध्यप्रदेश पटवारी संघ भोपाल।**

**सादर वंदेमातरम....**

**जैसा कि आप सभी को विदित है कि हमारे वर्तमान आंदोलन को हमने कैडर रिव्यू संबंधित मांग के उचित समाधान एवं निराकरण हेतु शासन को तीन महीने का समय दिया है। इसका अर्थ ये है कि हम अपनी कैडर रिव्यू के निराकरण हेतु अब भी संघर्षरत है। जब तक कैडर रिव्यू आदेश जारी होकर क्रियान्वयन नहीं हो जाता है, जब तक हमारा संघर्ष खत्म नहीं होगा। इसलिए अब हमारा असली संघर्ष शुरू हुआ है। क्योंकि आगामी तीन महीने हमारे असली संघर्ष की कहानी की शुरुआत है। हम सभी को अब पहले से भी अधिक प्रयास ओर मेहनत करने की जरूरत है। अब हमारा संघर्ष तहसील, जिलों या प्रदेश की सड़कों या बाहरी मंचों पर विरोध प्रदर्शन का नहीं होकर, प्रदेश के मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल से रहेगा। जहां हमारे सतत प्रयास एवं तन मन से समर्पित होकर हमारे कप्तान के साथ टीम भावना के खड़ा रहकर आप सभी के अथक परिश्रम एवं प्रयासों से अंतिम ओर निर्णायक फाइनल मैच कैडर रिव्यू की ट्राफी हासिल करना है। जो हम सभी के सेवाकाल जीवन के सबसे यादगार ओर अनमोल सुखद अहसास के पलों के सहभागी होंगे। जिसका सभी को बरसों बरस से इंतजार है।**

**साथियों विगत दिनांक 09/08/2026 को वर्चुअल बैठक में प्रदेश के सम्माननीय पदाधिकारियों द्वारा इस हेतु कैडर रिव्यू की फाइल के चलायमान एवं**

# मध्यप्रदेश पटवारी संघ

उपेन्द्र सिंह बाघेल
प्रान्ताध्यक्ष म.प्र. पटवारी संघ भोपाल
पानी टंकी के पास दक्षिण करौंदिया
जिला-सीधी (म.प्र.) मो.-9893765595
Email : baghel.upendra@yahoo.in
mppatwarisanghbhopal@gmail.com

धर्मेन्द्र शर्मा
महामंत्री म.प्र. पटवारी संघ भोपाल
269, अम्बिकापुरी एक्स, एयरपोर्ट रोड, इन्दौर (म.प्र.)
मो. 94245-51456, 76930-51455
Email : dharmendra4528@gmail.com



सुनिश्चित अवधि में निराकरण क्रियान्वयन हेतु भोपाल में हमारे टीम के कप्तान प्रांताध्यक्ष महोदय के साथ सहभागिता हेतु सहयोग प्रदान करने हेतु समर्पित भाव से उपस्थित रहने के भाव प्रकट किए। इसी प्रकार मुझे एवं प्रांताध्यक्ष महोदय को भी मोबाइल पर बहुत से ऊर्जावान एवं जागृत पटवारी साथियों ने मंत्रालय भोपाल के कार्यों में सहयोग हेतु उपस्थित रहने का आश्वासन दिया है। निश्चित रूप से आप सभी की ये पहल स्वागत योग्य होकर प्रशंसनीय है। इससे आप सभी मंत्रालय के कार्यों तथा संघ संगठन के पदाधिकारियों तथा हमारे कार्यों को बेहतर नजदीक से समझ सकेंगे, तथा समय समय पर हमारे साथियों के उठने वाले सवालों में जवाबों का प्रत्यक्ष अनुभव से हिस्सा भी बन सकेंगे।

अत: आप सभी जिलाध्यक्ष महोदय से निवेदन है कि आपके जिले के 05 इच्छुक पटवारी साथियों के नाम, मोबाइल सहित जानकारी भेजने का कष्ट करें, जो आगामी तीन माह में सप्ताह में एक या दो दिन कैडर रिव्यू की फाइलें से संबंधित समस्त कार्यों में हमारे प्रांताध्यक्ष के साथ भोपाल में उपस्थित रहकर इस कैडर रिव्यू के अंतिम एवं निर्णायक भूमिका में सफलता की विजयश्री में हमारे संघ के सहभागी बन सके। प्रदेश के जिलों से सूची प्राप्त होने पर प्रति सप्ताह क्रमानुसार दो ज़िले की उन साथियों को आवश्यक एवं अनिवार्य रूप से उपस्थित होना होगा, जो इस कार्य हेतु इच्छुक, जागृत एवं समर्पित है। हम आप सभी के सहयोग से अवश्य सफल होंगे। इसी आशा ओर विश्वास के साथ।

धर्मेन्द्र शर्मा
महामंत्री
मध्यप्रदेश पटवारी संघ भोपाल।